[2/3/2021]

प्रश्न सं. [क्र. 1866]

593/2021/FWAD(SEED)

कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला उज्जैन परिशिष्ट – 1

क्रमांक/पु.अ./उज्जैन/ओएम/1866/13–ए/2021, दिनांक 12.02.2021

प्रति,

उप संचालक
किसान कल्याण तथा कृषि विकास,
जिला उज्जैन

विषय :– विधानसभा तारांकित प्रश्न क्रमांक 1866 की जानकारी के संबंध में ।
संदर्भ :– आपका पत्र क्रमांक/टी–3/विस/2020–21/7512 उज्जैन, दिनांक 10.02.2021

---:: 0000 ::---

उपरोक्त विषय में लेख है कि आपके द्वारा विधानसभा तारांकित प्रश्न क्रमांक 1866 माननीय विधायक श्री बहादुरसिंह चौहान के द्वारा जानकारी चाही गई है वांछित जानकारी निम्नानुसार प्रेषित है :–

प्रश्न (01) **प्रश्न क्र० 427 दिनांक 28–12–2020 के उत्तरांश "ख" अनुसार नवलखा बीज कंपनी महिदपुर जिला उज्जैन के विरूद्ध माननीय उच्चतम न्यायालय, में दर्ज SLP.क्र0 7740/2017 दिनांक 19.03.2018 के बाद से अभी तक तारीख क्यों नहीं लगी ?**

उत्तर माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली में SLP.No.(Cri.) 7740/2017 में सुनवाई के लिए तारीख नियत करना माननीय न्यायालय का क्षेत्राधिकार और प्रोटोकॉल के अन्तर्गत आता है। विगत समय से "कोरोना महामारी संक्रमण" के कारण माननीय न्यायालय के प्रोटोकॉल और गाईडलाईन अनुसार लंबित मामलों में सुनवाई सुनिश्चित की जा रही है।

प्रश्न (02) **क्या कारण है कि विभाग ने इस ओर ध्यान नहीं दिया इसके निगरानीकर्ता अधिकारी के नाम पदनाम देकर बतावे की विभाग इसके लिए कब तक कार्यवाही करेगा ?**

उत्तर माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली में SLP.No.(Cri.) 7740/2017 में लंबित प्रकरण में अनावेदक शासन की ओर से अति.पु.अ. (ग्रामीण) उज्जैन को पदनाम से प्रभारी अधिकारी नियुक्त है। वर्तमान में श्री आकाश भूरिया, अति.पु.अ ग्रामीण उज्जैन पदनाम से प्रभारी अधिकारी है। उक्त प्रकरण में आगे कार्यवाही हेतु स्थाई अधिवक्ता मध्यप्रदेश, माननीय सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली को पत्र भेजा जा चुका है।

प्रश्न (03) **विभाग द्वारा इसकी तारीख लगवाने के लिये कब तक प्रयास किये जायेगे ? यदि नहीं क्यों ?**

उत्तर माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली में लंबित SLP.No.(Cri.) 7740/2017 में विभाग की ओर से स्थाई अधिवक्ता को शीघ्र सुनवाई हेतु पत्राचार किया जा चुका है।

सत्येन्द्र कुमार शुक्ल(भापुसे)
पुलिस अधीक्षक
जिला उज्जैन

प्रतिलिपि:– 01–पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन उज्जैन की ओर सूचनार्थ सादर प्रेषित है।
02–उप पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन रेंज उज्जैन की ओर सूचनार्थ सादर प्रेषित है।

पुलिस अधीक्षक
जिला उज्जैन

अनुभाग अधिकारी (2)
मध्य प्रदेश शासन,
कृषि विभाग, मंत्रालय, भोपाल.